दिन—बुधवार दिनांक— 26 / 08 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः— 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने वर्ष दो हजार तीस तक राज्य की एक करोड़ महिलाओं को रोजगार से जोड़ने की घोषणा की।

02. मुख्यमंत्री आज बिहार की नारी शक्ति को देंगे कई सौगात। पुलिस दीदी के लिए चार हजार सात सौ स्कूटर और मोटरसाईकिल का करेंगे लोकार्पण।

03. गंगा नदी में उफान से भागलपुर, वैशाली और पटना समेत कई जिलों में बाढ़ की स्थिति गंभीर। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पटना के बाढ़ प्रभावित इलाकों का किया हवाई सर्वे।

04. और, पैगंबर हज़रत मोहम्मद का जन्म दिवस ईद—ए—मिलाद—उल—नबी आज धार्मिक श्रद्धा और आस्था से मनाया जा रहा है।

———————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि वर्ष दो हजार तीस तक राज्य की एक करोड़ महिलाओं को रोजगार से जोड़ा जायेगा। इनमें पचास लाख से अधिक महिलाओं को दुग्ध सहकारी समितियों और इससे जुड़े रोजगार से जोड़ने का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री कल पटना में रक्षाबंधन के पूर्व आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं को रोजगार और स्वास्थ्य से जोड़ने के लिए तीन दिवसीय विशेष अभियान के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे।

———साउंड बाईट———

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मिथिला हस्तकला को—ऑपरेटिव सोसायटी के गठन की घोषणा की। उन्होंने सोसायटी के नवनियुक्त अध्यक्ष और सदस्यों को पंजीकरण प्रमाणपत्र भी सौंपा। पद्मश्री से सम्मानित दुलारी देवी को अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं, पद्मश्री से सम्मानित शांति देवी और शिवम पासवान को सह—अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गयी है। इसके अलावा रानी झा को सोसायटी का सदस्य नियुक्त किया गया है।

———————————————————————

प्रदेश की बेटियों के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए आज तीन नई पहल शुरू की जाएंगीं। ब्यौरा हमारे संवाददाता से—

———साउंड बाईट———

रक्षाबंधन से पहले आज मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी राज्य की नारी शक्ति को कई सौगात देंगे। श्री चौधरी पुलिस दीदी योजना के तहत चार हजार सात सौ स्कूटर और मोटरसाइकिल का लोकार्पण और फ्लैग—ऑफ करेंगे। इसका उद्देश्य स्कूल—कॉलेज की छात्राओं की सुरक्षा और संरक्षण सुनिश्चित करना है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री बालिका पीएचडी फेलोशिप की शुरुआत होगी। इसके तहत लगभग एक हजार छात्राओं को चार वर्षों तक हर महीने

दस हजार रुपये की सहायता मिलेगी। इसके अलावा, बिहार की बेटी स्टार्टअप चैलेंज योजना शुरू की जाएगी। इसके तहत बेटियों को पचास हजार से दो लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता दी जाएगी।

आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से आशीष रंजन।

———————————————————————

राज्य सरकार ने कहा है कि मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना के तहत सिविल सेवा प्रोत्साहन राशि योजना का विस्तार किया जायेगा। समाज कल्याण विभाग के सचिव विनोद सिंह गुंजियाल ने बताया कि अब सभी वर्ग की महिला अभ्यर्थियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की प्रारंभिक परीक्षा पास करने पर प्रोत्साहन राशि मिलेगी। यूपीएससी की निर्धारित परीक्षाओं में सफल अभ्यर्थियों को पचहत्तर हजार रुपये, सीडीएस, एनडीए और राज्य सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षाओं में पचास हजार तथा आरबीआई ग्रेड–बी, एसबीआई सीजीएल और निर्धारित रेलवे भर्ती परीक्षाओं में तीस हजार रुपये दिए जाएंगे।

———————————————————————

रक्षाबंधन के अवसर पर बिहार राज्य पथ परिवहन निगम ने महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा की सुविधा देने का फैसला किया है। सत्ताईस अगस्त की सुबह छह बजे से अट्ठाईस अगस्त की रात दस बजे तक निगम की सभी श्रेणियों की लगभग एक हजार पचहत्तर बसों में महिलाएं बिना टिकट यात्रा कर सकेंगी। इनमें एसी, नॉन–एसी, डीलक्स, पीएम ई–बस और पीपीपी मोड पर संचालित बसें शामिल हैं। महिलाएं ऑफिस, कोचिंग, बाजार के अलावा अंतरजिला और अंतरराज्यीय मार्गों पर भी इस सुविधा का लाभ ले सकेंगी।

———————————————————————

सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार ने राज्य सरकार के सौ दिनों के कार्यों और कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार–प्रसार करने का निर्देश दिया है। विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि रेडियो, टीवी, समाचार पत्र, और सोशल मीडिया के माध्यम से सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं की जानकारी जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाई जाए। मंत्री ने नकारात्मक खबरों और अफवाहों का त्वरित आधिकारिक खंडन करने पर भी जोर दिया। उन्होंने विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर नियमित और गुणवत्तापूर्ण प्रचार की समीक्षा करने के निर्देश दिये।

———————————————————————

प्रदेश में किसानों को फसल सुरक्षा के लिए पचहत्तर प्रतिशत अनुदान पर कीट नियंत्रण उपकरण उपलब्ध कराये जायेंगे। कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि इसके लिए पौधा संरक्षण उपादान वितरण योजना को मंजूरी दी गई है। योजना के

तहत किसानों को फेरोमोन ट्रैप, स्टिकी ट्रैप और फ्रूट फ्लाई ट्रैप अनुदानित दर पर मिलेंगे।

———————————————————————

प्रदेश की सभी पंचायतों में अगले तीन वर्षों में मुक्तिधाम यानी शवदाहगृह का निर्माण कराया जाएगा। पंचायती राज विभाग ने सभी जिलों को इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं। मुक्तिधाम का निर्माण ग्राम पंचायतों की सरकारी जमीन पर ग्राम पंचायत विकास योजना के तहत कराया जाएगा।

———————————————————————

प्रदेश में कटे होंठ और तालू से प्रभावित बच्चों को अब मुफ्त इलाज मिलेगा। इस संबंध में राज्य स्वास्थ्य समिति और स्माइल ट्रेन इंडिया के बीच पांच वर्ष के लिए समझौता हुआ है। इसके तहत प्रभावित बच्चों की पहचान कर उन्हें स्माइल ट्रेन के सहयोगी अस्पतालों में निःशुल्क सर्जरी और उपचार की सुविधा मिलेगी।

———————————————————————

एम्स पटना ने एडवांस्ड एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जरी के क्षेत्र में नया लिम्का रिकॉर्ड बनाया है। न्यूरोसर्जरी विभाग ने आठ सेंटीमीटर लंबी हर्नियेटेड डिस्क को केवल डेढ़ से दो सेंटीमीटर के छोटे चीरे से सफलतापूर्वक बाहर निकाला। यह सर्जरी न्यूरोसर्जरी विभाग के एडिशनल प्रोफेसर डॉक्टर सरज कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई। इस उपलब्धि के साथ एम्स पटना का नाम पांच से अधिक बार लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज हो चुका है।

———————————————————————

गंगा नदी के जलस्तर में लगातार हो रही बढ़ोतरी के चलते प्रदेश में बाढ़ की स्थिति गम्भीर होती जा रही है। पटना, भोजपुर, वैशाली, बक्सर, भागलपुर, खगड़िया, समस्तीपुर और बेगूसराय समेत कई जिलों में निचले इलाके बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं। भागलपुर और वैशाली जिले बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित हैं। हमारे भागलपुर संवाददाता ने बताया कि नदी के बढ़ते जलस्तर के कारण तटबंधों पर लगातार दबाव बढ़ रहा है।

———साउंड बाईट———

भागलपुर के खरीक अंचल में काजीकौरैया–राघोपुर तटबंध का 20 मीटर हिस्सा और कट जाने से राघोपुर पंचायत में बाढ़ का पानी तेजी से फैल रहा है। गंगा के बैकवाटर के लगातार बहाव से तटबंध के नीचे की मिट्टी भी खिसक रही है। इससे राघोपुर पंचायत के पांच वार्डों में बाढ़ का पानी फैल गया है। प्रभावित क्षेत्र से लोग सुरक्षित और ऊंचे स्थानों की ओर जाने लगे हैं। कटाव को रोकने के लिए प्रशासन ने युद्धस्तर पर काम शुरू किया है। बांस और तार के फ्रेम में जियो बैग भरकर कटाव वाले हिस्से को सुरक्षित करने का प्रयास किया जा रहा है।

आकाशवाणी समाचार के लिए भागलपुर से विनोद कुमार।

इधर, हमारे वैशाली संवाददाता ने बताया कि राघोपुर प्रखंड के कई निचले इलाकों में बाढ़ का पानी घुस गया है और पूरा क्षेत्र टापू में तब्दील हो गया है।

———साउंड बाईट———

वैशाली जिले के राघोपुर प्रखंड के निचले इलाकों में भी बाढ़ का पानी तेजी से फैल रहा है। चकसिंगार वीरपुर, जुड़ावनपुर करारी, जुड़ावनपुर बरारी, सरायपुर जहांगीरपुर, कर्मोपुर और तेरसिया पंचायतों में पानी भर गया है। कई इलाके टापू में तब्दील हो गए हैं। शिवनगर बिंदा मार्केट और जुड़ावनपुर मार्केट में भी बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। जुड़ावनपुर थाना परिसर में पानी घुसने से कामकाज प्रभावित हुआ है। बाजारों में पानी भर जाने के कारण लोगों को जरूरी सामान खरीदने के लिए भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

आकाशवाणी समाचार के लिए हाजीपुर से मनोज कुमार सिंह।

पटना जिले के मोकामा, मनेर और दानापुर दियारा इलाकों में भी बाढ़ का पानी तेजी से फैल रहा है। इस बीच, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने कल पटना से सटे बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को बाढ़ प्रभावित प्रत्येक व्यक्ति तक राहत और जरूरी सहायता पहुंचाने के निर्देश दिये।

————————————————————————————

मौसम विभाग ने आज बक्सर, गोपालगंज, सिवान और पश्चिम चम्पारण जिले में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। राज्य के कई हिस्सों में मेजगर्जन और वज्रपात का भी अलर्ट है।

———साउंड बाईट———

इधर, बारिश के दौरान वज्रपात की चपेट में आने से बांका जिले के फुल्लीडुमर प्रखंड के बनरकोला गांव में एक युवती की मौत हो गई।

————————————————————————————

पैगंबर हज़रत मोहम्मद का जन्म दिवस ईद–ए–मिलाद–उल–नबी आज धार्मिक श्रद्धा और आस्था से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर पैगंबर मोहम्मद के जीवन और शिक्षण पर मिलाद महफिल और सीरत का आयोजन किया गया है। मिलाद जुलूस भी निकाले जा रहे हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत सैयद अता हसनैन और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने लोगों को शुभकामनाएं दी हैं।

————————————————————————————

भारी बारिश के बीच सहरसा–मधेपुरा सर्किट–टू ट्रांसमिशन लाइन में आई खराबी को ठीक कर बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई। खराबी से मुरलीगंज, उदाकिशुनगंज और कुमारखंड में करीब पचपन मेगावाट का लोड प्रभावित हुआ था।

———————————————————————————

सुपौल के पिपरा थाना क्षेत्र अन्तर्गत कटैया निर्मली चौक पर देर रात हुई सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गये। हमारे संवाददाता ने बताया कि सड़क किनारे भजन–कीर्तन कर रहे लोगों के तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से ये हादसा हुआ।

———————————————————————————

पटना में साइबर पुलिस ने सोशल मीडिया पर विज्ञापन देकर साइबर ठगी करने वाले एक नाबालिग और एक युवती समेत पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

पटना के अगमकुआं थाना क्षेत्र के अरुणोदय कॉलोनी में उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग की टीम ने नकली शराब बनाने वाली फैक्ट्री का उद्‌भेदन करते हुये संचालक को गिरफ्तार कर लिया है।

———————————————————————————

सारण जिले के सहाजितपुर थाना क्षेत्र में अपराधियों ने हथियार के बल पर एक आभूषण दुकानदार से लगभग चार लाख रुपये के सोने–चांदी के जेवरात लूट लिए।

———————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने लिखा है– पटना में प्रदर्शनकारी छात्रों पर पानी की बौछार, लाठियां भी भांजीं।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– ओबीसी क्रीमीलेयर से संबंधित मामले में सुप्रीम कोर्ट विशेष पीठ का करेगा गठन।

प्रभात खबर लिखता है– बारह सौ करोड़ से संवरेगा गया–बोधगया कोरिडोर, सोन नदी से जोड़ी जायेगी फल्गु।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– अब निजी कम्पनियां भी बना सकेंगी देसी घातक मिसाइलें, रक्षा तकनीक ट्रांसफर करेगा डीआरडीओ।

राष्ट्रीय सागर के शब्द हैं– वायु प्रदूषण नियंत्रण में पटना नगर निगम का राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन।

आज अखबार की सुर्खी है– शिक्षकों की तमाम प्रतिनियुक्ति रद्द।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने वर्ष दो हजार तीस तक राज्य की एक करोड़ महिलाओं को रोजगार से जोड़ने की घोषणा की।

02. मुख्यमंत्री आज बिहार की नारी शक्ति को देंगे कई सौगात। पुलिस दीदी के लिए चार हजार सात सौ स्कूटर और मोटरसाईकिल का करेंगे लोकार्पण।

03. गंगा नदी में उफान से भागलपुर, वैशाली और पटना समेत कई जिलों में बाढ़ की स्थिति गंभीर। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पटना के बाढ़ प्रभावित इलाकों का किया हवाई सर्वे।

04. और, पैगंबर हज़रत मोहम्मद का जन्म दिवस ईद–ए–मिलाद–उल–नबी आज धार्मिक श्रद्धा और आस्था से मनाया जा रहा है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।